RAF SECTOR

NEWS CLIP

13/02/2023

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik Navajyoti, Jaipur, (RAJ)

रेपिड एक्शन फोर्स का सरदारपुरा के संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च

जोधपुर/नवज्योति। शहर में सांप्रदायिक सौहार्द दर्शाने और अमन शांति के लिए रेपिड एक्शन फोर्स का रूट एवं फ्लैग मार्च कार्यक्रम तीसरे दिन भी जारी रहा। शनिवार को फोर्स की तरफ से सरदारपुरा पुलिस के साथ मिलकर संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च किया गया। थानाधिकारी सोमकरण ने बताया कि रेपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने आज सुबह एसीपी पश्चिम चक्रवर्ती सिंह के नेतृत्व में सरदारपुरा के विभिन्न इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला। बी रोड, सी रोड, जालोरी गेट, पांचवीं रोड, जलजोग एरिया सहित सरदारपुरा थाने के सामने वाली रोड पर फोर्स द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया।

Sach meediya, Jaipur, (RAJ)

अमर बलिदानीयो की याद में ऐतिहासिक सड़क मार्ग यात्रा का किया सम्मान

सच मीडिया

आमेर/जयपुर। राजधानी जयपुर के आमेर लालवास गांव में स्थित सीआरपीएफ की रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन ने देश के अमर बलिदानियों की याद में ऐतिहासिक सड़क मार्ग यात्रा का सम्मान किया। रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन के कमांडेंट प्रवीण कुमार सिंह के नेतृत्व में बटालियन मुख्यालय में देश के अमर बलिदानियों की याद में भारत का पहला ऐतिहासिक सड़क मार्ग को पूरा करने वाले उमेश गोपीनाथ जादव के वाहिनी मुख्यालय में आगमन पर एक स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कमाण्डेन्ट ने बताया कि उमेश गोपीनाथ जाधव की ओर से की जा रही बलिदान, देशभक्ति और निस्वार्थ सेवाभावना के कार्य बहुत सराहनीय है। ये भारत की मिट्टी का सम्मान करते हुए ''जन्मभूमि-कर्मभूमि'' की अवधारणा के साथ आदर्श वाक्य ''भारतीय प्रथम'' के साथ एक मिशन पर है। 09 अप्रेल 2019 को सीआरपीएफ के शौर्य दिवस के अवसर पर समूह केन्द्र बैंगलूरू से सीआरपीएफ के शहीद नायको के परिवारों से मिलने के लिए अपना मिशन शुरू किया। जिसके क्रम में 14 फरवरी 2019 को पुलवामा में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए सीआरपीएफ के 40 जवानो के परिवारों से मिलने और प्रत्येक शहीद वीरों से पवित्र मिट्टी एकत्र कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए एक शहीद स्मारक बनाया जा सके। उमेश गोपीनाथ जाधव अब तक कुल 150 शहीद परिवारों से मुलाकात कर चुके है। रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन में दौरा किया और बल के जवानों का मनोबल बढ़ाया। शहीद नायकों और उनके परिवारों के लिए आपके उद्देश्य और अथक प्रयासों की सराहना की।

Hindustan, Jamshedpur, (JKD)

साकची थाना के पीछे बने क्वार्टर में मॉक ड्रिल करते रैफ के जवान। •हिन्दुस्तान

साकची में रैफ जवानों ने की मॉक ड्रिल

जमशेदपुर। रैपिड एक्शन फ़ोर्स की 106वीं बटालियन की ओर से आयोजित छह दिवसीय फेमेक्स कार्यक्रम का शनिवार को समापन हो गया। अंतिम दिन रैफ जवानों ने साकची थाना के पीछे बने क्वार्टर में कॉर्डन एंड सर्च का मॉक ड्रिल की। बटालियन के डिप्टी कमांडेंट पतरस पूर्ति ने बताया कि छह दिन के इस कार्यक्रम का समापन हो गया है।

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।